तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि **बालोद भूमि**

रायपुर, रविवार 21 जुलाई 2024



11 सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने करें पुख्ता...



12 झमाझम बारिश के बाद सुहाना हुआ मौसम...






## खबर संक्षेप

### कबीर आश्रम करहीभदर में गुरू पूर्णिमा पर सत्संग आज

**बालोद।** कबीर आश्रम करहीभदर में 21 जुलाई रविवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूजा एवं सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विभिन्न आयोजन होंगे। इसकी तैयारी कबीर आश्रम द्वारा की जा रही है। गुरु पूर्णिमा कैसे मनाएं, इसे लेकर कबीर आश्रम के दिनेंद्र दास ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का पर्व किसी जाति, धर्म, मजहब का नहीं है यह सार्वभौमिक पर्व है। गुरु की याद में अपने गुरुत्व को जगाएं। सर्वप्रथम प्रातः उठकर गुरु, माता–पिता बड़े बुजुर्गों की बंदगी करें। कुछ समय ध्यान करें। ध्यान में गुरु को याद करें। शरीर की नश्वरता को याद करें। गुरु के मंत्रें का जाप करें। अपने आत्म स्वरूप में निमज्जन करें। सद्ग्रंथों का अध्ययन मनन करें। आपके समीप संत महात्मा हैं तो जरूर दर्शन करिए, उनकी वाणियों को सुनिए। यूट्यूब के माध्यम से भी उपदेश सुन सकते हैं। यदि बाहर नहीं जा सकते हैं तो घर में माता पिता प्रथम गुरु हैं। उनको फल, फूल, कुछ भेंट देकर, दीपक जलाकर पूजा करिये। माता–पिता भी नहीं है तो घर, परिवार, गांव में जिसे हम वरिष्ठ मानते हैं, जिससे हमने कुछ सीखा है उसे गुरु रुप मानकर पूजा कीजिए।



### ओपन ट्रायल के लिए रवाना हुईं डोंडी की बालिकाएं

**डोंडी।** गर्ल्स फुटबॉल क्लब डोंडी की 5 बालिकाएं दीपिका, तानियारानी, माधवी, अनामिका टिकेश्वरी अंडर-17 गर्ल्स फुटबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेंगी। इसके लिए कोरबा में एनटीपीसी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में ट्रायल के रवाना हुईं। बालिका फुटबॉल डोंडी टीम के कोच और क्लब के सेक्रेटरी सन्तु यादव ने बताया कि ट्रायल में सभी पांचों बालिकाएं बीजापुर की टीम की ओर से सम्मिलित होंगी। ज्ञात हो कि विगत वर्ष डोंडी की बालिकाओं ने ओपन की इसी प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता को जीत कर बालोद जिला के लिए इतिहास बनाया, परंतु इस वर्ष समय की कमी होने के कारण टीम में आवश्यक 18 रजिस्टर्ड प्लेयर नहीं होने और सुब्रतो के राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता से लौटते ही जा पाना सम्भव नहीं हो सका साथ ही आर्थिक समस्या होने से व्यवस्था नहीं हो सका। फिर भी 5 बालिकाओं को ट्रायल के लिए भेजा गया है। ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन अंडर-17 बालिका फुटबॉल के राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा।

### शासकीय विद्यालय धनेली का रजत जयंती समारोह आज

**गुरूर।** स्वामी विवेकानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनेली की स्थापना का रजत जयंती समारोह 21 जुलाई को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोषण साहू रहेंगे, अध्यक्षता प्राचार्य टीके साहू करेंगे। मंच संचालन व्याख्याता धनेली केएल गजेन्द्र व व्याख्याता खुंदनी पूरनलाल भेसले करेंगे।

### युवक पर प्राणघातक हमला

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 294, 506, 307, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि कंट्रेक्टर कालोनी सुपेला निवासी राहुल राव ने शिकायत किया था कि 12 जून की सुबह हमाली काम करने घर से आकाश गंगा सुपेला जा रहा था। इस दौरान आरोपी मोहल्ले के राहुल गौतम, सुरजीत सिंह समेत अन्य लोगों ने मिलकर जान से मारने की धमकी देकर गाली गलौज किया।

# बारिश में मोबाइल का उपयोग खतरनाक, इस साल 4 की मौत, सभी में यह समान कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शुक्रवार की शाम आकाशीय बिजली गिरने से दो किसानों की मौत के बाद शनिवार को दोनों किसानों के शव का पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंपा गया। जहां शनिवार को दोनों का उनके गृह ग्राम में अंतिम संस्कार किया गया।

इस सीजन में हुई अब तक आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में होने वाली मौतों में सबसे अहम भूमिका मोबाइल फोन की रही है। क्योंकि जिन जगहों पर आकाशीय बिजली गिरी है उन जगहों पर मोबाइल क्षतिग्रस्त की स्थिति में मिला है। समझा जा रहा है कि मृतकों का आकाशीय बिजली की चपेट में आने में मोबाइल ही मुख्य कारण है। शुक्रवार को ग्राम सेम्हरकोना और लिमोरा में हुए घटना में भी दोनों मृत किसान के पास से मोबाइल क्षतिग्रस्त हालत में मिला है।

**संजारी में हुई थी दो सगे भाइयों की मौत–** जिले में इस मानसून सीजन में आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो चुकी है। इससे पहले डौंडीलोहारा के संजारी क्षेत्र में दो सगे भाइयों की मौत आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हुई थी। दोनों बच्चे बारिश होने के दौरान घर के ठीक बाहर मोबाइल पकड़े हुए थे। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दोनों की मौत हुई और अब हाल ही में यह घटना सामने आई है। गरज चमक के साथ बारिश होने के दौरान मोबाइल से दूरी बनाए रखना बेहद जरूरी है।

### जहां बिजली गिरी उसके आसपास क्षतिग्रस्त मिला मोबाइल

**पहली घटना-** ग्राम सेम्हरकोना निवासी किसान सुकलाल कुंजाम जो गोंडवाना समाज के सांकरा क परिक्षेत्र सचिव थे, वह खेत से काम कर वापस घर आने के बाद गांव के एक चौक जहां पीपल पेड़ है, उसके नीचे एक अन्य ग्रामीण के साथ बैठा था। गांव के बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे, उन्हें देख रहा था। इस दौरान बारिश शुरू होते ही गरज चमक के बीच वहां आकाशीय बिजली गिरी और उसकी चपेट में आने से सुकलाल कुंजाम की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि सुकलाल ने जो मोबाइल पकड़ा था, वह क्षतिग्रस्त हो गया था। मृतक के तीन बच्चे हैं, जो पढ़ाई के साथ खेती किसानी के काम में पिता की मदद करते हैं।





**दूसरी घटना-** दूसरी घटना ग्राम लिमोरा में हुई। किसान धरमु राम साहू 50 वर्ष अपने खेत में काम करके वापस लौट रहे थे, उनके साथ उनकी पत्नी भी थीं। जानकारी के अनुसार धरमु राम जैसे ही गांव के तालाब पार में पहुंचे थे, तभी अचानक बादल गरजने की आवाज आई और बिजली भी कड़की। इससे धरमु राम गिर गया, जिसे देखकर उनकी पत्नी घबरा गई और ग्रामीणों की मदद ली। मृतक धरमु राम के पास से जो मोबाइल बरामद हुआ है, वह क्षतिग्रस्त हो गया। मृतक धरमु राम का बेटा गुरुर लोकेशन के महतारी 102 वाहन का चालक है। मृतक धरमु राम किसानी के साथ गांव में सायकल स्टोर चलाता था।


## मौसम : जिले में इस मानसून सीजन में अब तक की सबसे ज्यादा बारिश

# एक ही दिन में रिकार्ड 80 मिमी बारिश अंचल तरबतर, कई जगह जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में इस मानसून सीजन में अब तक की सबसे ज्यादा बारिश शुक्रवार की शाम से लेकर देर रात तक रिकॉर्ड तोड़ औसतन 79.2 मिमी दर्ज की गई। यानिकि तीन इंच से अधिक बारिश जिले में हुई है। वहीं, शनिवार की शाम को भी तेज बारिश हुई।

शुक्रवार को शाम करीब 6 बजे शुरू हुई बारिश देर रात तक रुक-रुककर होती रही। झमाझम बारिश से जिले में जनजाति प्रभावित हो गया। जिले के तमाम नगर पंचायतों से लेकर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति भी सामने आई। शुक्रवार की रात झमाझम बारिश के बाद शनिवार को सारा दिन उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो गया। हालांकि शनिवार की शाम को भी बादल छाए रहे और कुछ इलाकों में बूंदाबांदी तो कुछ इलाकों में अच्छी बारिश हुई।



### इस सीजन जिले में रिकॉर्ड बारिश

शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश से जिला तरबतर हो गया। जिले के गुण्डरदेही तहसील में 65.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। बालोद तहसील में 91.8 मिमी, गुरुर में 98.0 मिमी, डौंडीलोहारा में 70.3 मिमी, डौंडी में 134.2 मिमी, अर्जुन्दा में 46.3 मिमी तथा मारएँ बंगला देवरी तहसील में 48.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार पूरे जिले में औसतन 79.2 मिमी वर्षा दर्ज किया गया है। आने वाले दिनों में जिले में भारी बारिश का अनुमान लगाया जा रहा है।

### रातभर हुई बारिश, कई घरों में घुसा नाली का पानी

**डोंडी।** शुक्रवार रात नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई। वहीं, पूरी रात हुई बारिश के कारण नगर के वार्ड क्रमांक 10 बंधियापारा में प्रदीप लटिया, मनोज लटिया, पोखन रावटे के घर पानी भर गया। वहीं, देर रात हुई भारी बारिश के कारण नाले के गंदे पानी ने लोगों के सामने परेशानी खड़ी कर दी। बारिश के कारण नाले का गंदा पानी कई लोगों के घरों में भर गया। वहीं, कई घरों में तो 3 से 4 फीट तक भर गया। नाले के गंदे पानी ने हाहाकार मचा दिया। पूरी रात घर के लोग घरों में घुसे कई फीट तक पानी के कारण परेशान रहे। वहीं, लोग रातभर जागकर पानी निकालने का प्रयास करते रहे, लेकिन बाहर भी पानी होने के कारण लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। वहीं, इन इलाकों में रातभर बिजली आने-जाने का सिलसिला जारी रहा। गरीब लोगों का लाखों का नुकसान होने की भी बात सामने आ रही है। लोगों के बिस्तर तक पानी में बह गए। इस बारे में लोगों का कहना है कि कई सालों से निकासी की समस्या के संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। वहीं, उनकी अनदेखी और लापरवाही के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



# चार मंदिरों में चोरी के आरोपी तक पहुंची पुलिस जेवर व नकदी बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के चार मंदिरों व एक घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने के आरोप में एक आदतन चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े जाने के दौरान आरोपी ढाबा में खाना खा रहा था। वहीं, पूछताछ के दौरान चोर बताए गए स्थान की पड़ताल के दौरान उसके घर से सोने चांदी के जेवरात सहित नकदी रकम कुल 2 लाख 10 हजार रुपए बरामद किया गया है। इसके साथ ही धमतरी रोड पर ग्राम पाकुरभाट के पास एक मैरिज हॉल में शादी कार्यक्रम स्थल से एक बाइक की चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बाइक चोरी के मामले में एक नाबालिग लड़का भी शामिल है। पुलिस के अनुसार आरोपी चोर ग्राम निपानी निवासी महेश यादव पिता राधेलाल यादव



32 वर्ष ने ग्राम भेंगारी में शीतला माता मंदिर से सोना चांदी के आभूषण सहित नगदी रकम कुल 48 हजार रुपए, ग्राम भेंगारी के ही राम जानकी मंदिर से माता जानकी की प्रतिमा को पहनाए गए सोने चांदी के विभिन्न आभूषणों सहित नगदी रकम 22 हजार रुपए, ग्राम निपानी के जय बैगीन गुड़ी दाई मंदिर में माता को पहनाए गए आभूषण जिसकी कीमत लगभग 20 हजार रुपए तथा गुरुर नगर के शीतला मंदिर में माँ दुर्गा की प्रतिमा को पहनाए गए सोने चांदी के आभूषणों एवं दानपेटी में रखे नगदी रकम, कुल 75 ▶▶|शेष पेज 10 पर

# शासकीय विद्यालय घीना की छात्राओं को सायकिल वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना में शासन की योजना के तहत निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों द्वारा पात्र छात्राओं को सायकल प्रदान की गई। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना के विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों की समक्ष पात्र हितग्राही छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य एमएल ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र निषाद, डालचंद जैन, आईके पटेल, कैलाश सिन्हा तथा विद्यालय के निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के प्रभारी प्रियंका ठाकुर रूपसिंह रावटे उपस्थित थे।

# चार माह के लिए मांगलिक कार्यक्रमों पर लगा विराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

17 जुलाई को देवशयनी एकादशी के साथ ही वैवाहिक कार्यक्रमों सहित अन्य मांगलिक कार्यों पर अब लगभग 4 माह तक विराम लग जाएगा। देवउठनी एकादशी के साथ ही पुनः वैवाहिक मुहूर्त शुरू होंगे। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी कहते हैं। इस वर्ष देवशयनी एकादशी की तिथि 16 जुलाई की रात 8 बजकर 33 मिनट से शुरू हुई। ऐसी मान्यता है कि देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु चार माह के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं, जिसके कारण शुभ मांगलिक आयोजन नहीं किए जाते। हालांकि अन्य धार्मिक आयोजन जारी रहते हैं। इस दौरान चार माह वैवाहिक मुहूर्त नहीं होंगे, जिसकी वजह से मांगलिक शहनाईयों की गूंज सुनाई नहीं देगी। इसके अलावा आज 21 तारीख को अंचल में गुरूपूर्णिमा मनाए जाने की व्यापक तैयारियां की जा रही है। मंदिरों में भी इस ▶▶|शेष पेज 10 पर

- देवउठनी एकादशी के साथ 12 नवंबर से फिर गूंजेगी शहनाई

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय कुसुमकसा में बाउंड्रीवाल के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिंदी माध्यम विद्यालय कुसुमकसा में बाउंड्रीवॉल निर्माण का भूमिपूजन देवलाल ठाकुर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बालोद ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुनीता यादव ने की। प्राचार्य ने कहा कि बाउंड्रीवॉल के अभाव में शाला असुरक्षित थी। काफी लंबे समय से बाउंड्रीवॉल बनाने की जद्दोजहद की जा रही थी। अंततः आज जाकर साकार रूप में परिणित होता देखकर समस्त ग्रामवासी तथा शाला परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। मुख्य अतिथि देवलाल ठाकुर ने कहा कि बाउंड्रीवॉल का निर्माण शाला तथा स्थानीय लोगों की लंबे समय से लंबित मांग थी, जो आज जाकर पूरी हो रही है। इसके लिए उन्होंने राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कहा कि नया आहता बनने से शाला की सुरक्षा बढ़ेगी। विशिष्ट अतिथि संजय बैस जनपद सदस्य डोडी ने कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) के अंतर्गत 10 लाख रुपए की स्वीकृति की गई है जिसमें लगभग 200 मी बाउंड्रीवॉल का निर्माण किया जाएगा। बाउंड्रीवॉल बनाते समय वास्तु के बेसिक नियम को ध्यान में रखते हुए बाउंड्रीवॉल की ऊंचाई, मोटाई तथा डिजाइन का निर्धारण किया जाएगा। शाला के प्रदर्शन को देखते हुए शाला परिवार से अपील की कि छात्रों को आकार देने और हमारे समाज के विकास में योगदान देने के लिए शिक्षक अपने मिशन को तत्परता से जारी रखें। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता टी एस पारकर ने किया। उन्होंने बताया कि विगत शैक्षणिक सत्र ▶▶|शेष पेज 10 पर

- डीएमएफ के तहत दी गई 10 लाख रुपए की स्वीकृति

## बेटे को लेकर कलेक्टोरेट पहुंची मटिया बी निवासी धनेश्वरी

# मां ने बेटे की आंखों के इलाज के लिए कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एक माँ अपने 10 वर्षीय मासूम बच्चे को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंची और शासन–प्रशासन से मदद की गुहार लगा रही हैं। वह मां चाहती हैं कि उसका बेटा चिराग आम बच्चों की तरह अपने दोनों आंखों से दुनिया को देख सके।

जिले के ग्राम मटिया (बी) निवासी चिराग की मां धनेश्वरी निषाद और परिवार बचपन से ही आंख में कैंसर से जूझ रहे अपने बेटे को बाहर निकाल कर नया जीवन देना चाहती हैं, ताकि आम बच्चों की तरह वह भी अपनी आंखों से दुनिया देख सके। एक–एक पैसे जोड़ परिवार के सामर्थ्य के अनुसार अब तक ईलाज कराते आ रहे हैं, लेकिन खर्च इतना हो चुका है कि आगे का खर्च उठाना मुश्किल हो रहा है।

हर एक माता–पिता के लिए उनका बच्चा ही सब कुछ होता है और जन्म देने के साथ उनकी शिक्षा दीक्षा से लेकर उनका भविष्य संवारना हर माता–पिता का कर्तव्य होता है। जिसके चलते मासूम बच्चे कि माँ धनेश्वरी निषाद चाहती है कि आंख में लेंस लगाने डॉक्टर द्वारा बताई गई ढाई लाख का खर्च शासन–प्रशासन उठा उनके मासूम बेटे चिराग को नया जीवन दिला सके। जिसके लिए अपने को साथ लिए कलेक्टोरेट कार्यालय पहुँच कलेक्टर से सहयोग मांगा।



### रायपुर में प्रशासन की मदद से होगा इलाज : कौशिक

धनेश्वरी निषाद ने बताया कि उनका बेटा चिराग बचपन से एक आँख से नहीं देख पाता। कई हॉस्पिटल में इलाज करा चुके हैं, अब हॉस्पिटल में इलाज के लिए पैसा नहीं है और आँख में लेंस लगाने के लिए हॉस्पिटल द्वारा ढाई लाख का खर्च बताया गया है। इसलिए प्रशासन से मांग है कि बच्चे के इलाज के लिए सहयोग प्रदान करें। अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने चिराग के इलाज में हर संभव मदद करने की बात कही। उन्होंने पूर्व में हुए इलाज के संबंध में सभी जरूरी कागज मांगा और रायपुर में बड़े डॉक्टर से बात कर प्रशासन की मदद से इलाज कराने का भरोसा दिलाया।

### लूट के तीन आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल

**भिलाई।** लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309 (4) 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मिलन चौक कैम्प 2 निवासी रंजीत गोडी पावर हाउस ओवरब्रिज के पास दोस्तों के साथ बैठा हुआ था। तीन युवक सीढ़ी के रास्ते ऊपर चाकू लेकर पहुचे और डरा धमकाकर मोबाइल, नगदी रकम लूट कर फरार हो गए। शिकायत के बाद पुलिस ने भट्ठी टीआई प्रशांत मिश्रा ने आरोपियों को पकड़ने टीम बनाई। इस दौरान पूछताछ करने पर पुलिस को पता चला कि आरोपी सोनिया गांधी नगर निवासी शमसाद, मिराज, संजय नामक युवकों ने घटना को अंजाम दिया। संदेह के आधार पर तीनों युवकों को पकड़ा गया । पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि तीनों ने मिलकर लूट की वारदात को अंजाम दिया है।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### नक्सल इलाके के चार खिलाड़ी अब राज्य अकादमी में सीखेंगे तीरंदाजी के गुर

**रायपुर।** वनवासी विकास समिति की कोचिंग से नक्सल प्रभावित नारायणपुर और कोण्डागांव जिले के चार युवाओं का चयन राज्य तीरंदाजी खेल अकादमी के लिए हुआ है। अब चारों खिलाड़ी राज्य सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय तीरंदाजी खेल अकादमी में तीरंदाजी की बारीकियां सीखेंगे। इन चारों तीरंदाजों को एकलव्य खेलकूद प्रकल्प में रायपुर में वनवासी विकास समिति के प्रशिक्षकों ने ट्रेनिंग दी है। इनका चयन रायपुर में राज्य के सभी जिलों के 13 से 17 वर्ष आयु के खिलाड़ियों का बैटरी टेस्ट एवं खेल कौशल प्रशिक्षण और प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

### मध्यानी बने युवा विंग प्रदेश उपाध्यक्ष

**रायपुर।** प्रेमप्रकाश मध्यानी को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत युवा विंग का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी की सहमति से युवा विंग के प्रदेशाध्यक्ष विकास रूपरेला व प्रदेश महासचिव महेश आहूजा ने यह नियुक्ति की है। उनकी नियुक्ति पर समाजजनों ने हर्ष जताया है।



### केयर स्किल के 10 दिवसीय मेहंदी प्रशिक्षण का समापन



**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा शनिवार को बनियान-133 बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित प्रशिक्षण केंद्र में 10 दिवसीय मेहंदी कक्षा का समापन किया गया। इसमें 13 प्रशिक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। कक्षा 9 जुलाई से प्रारंभ की गई थी। प्रशिक्षिका प्रज्ञा देवांगन ने शुरुआत में मेहंदी के बेसिक गुण सिखाए। उसके बाद प्रोफेशनल तरीके से मेहंदी लगाने का प्रशिक्षण दिया। फाउंडेशन द्वारा सभी अभ्यर्थियों को ड्राइंग शीट, पेंसिल किट एवं मेहंदी उपलब्ध कराई गई। प्रशिक्षार्थियों ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान काफी कुछ सीखने को मिला।

### शिवसैनिकों ने फूंका गो-तस्करों का पुतला

**रायपुर।** शिवसेना शिंदे गुट जिला इकाई ने प्रदेश में बढ़ रही गो-तस्करी के मामलों को लेकर विरोध जताया और गो-तस्करों का पुतला दहन किया। इस मौके पर शिवसैनिकों ने कहा कि प्रदेश में लगातार गो-तस्करी के मामले बढ़ रहे हैं और वे सोशल मीडिया पर भी सक्रिय हैं। गो-तस्करों का पुतला जलाकर उन्हें चेतावनी दी गई है कि वे ऐसे कार्य न करें। पुतला दहन के दौरान संजय सोनकर, संजू साहू, अमर नायक, राहुल राजपूत, गोविंदा साहू, रोशन साहू, राज यादव समेत बड़ी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित रहे।

### प्रमुख सचिव बोरा ने की पीएम जनमन योजना की समीक्षा

**रायपुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर पीएम जनमन योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में श्री बोरा ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीवीटीजी) की संस्कृति और रीति-रिवाज को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) की बसाहटों का सत्यापन 31 अगस्त से पहले करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने 1 नवंबर से 15 नवंबर तक पीवीटीजी विकास संबंधी एक पखवाड़ा आयोजित करने अधिकारियों से कहा है। उन्होंने करीब 200 बसाहटों को 15 नवंबर तक निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार शत-प्रतिशत लाभान्वित करने कहा है।

# राजधानी से आगे नहीं बढ़ पाया दांतों की बीमारी से पीड़ितों की पहचान का सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दांतों की बीमारी से पीड़ित लोगों की पहचान कर उन्हें आवश्यक उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्रों अथवा अस्पताल तक भेजने सर्वे अभियान की योजना राजधानी से आगे नहीं बढ़ पाई।

- सरकारी संस्थानों में दंत चिकित्सकों और संसाधन की कमी बड़ी वजह

खास खबर

दो साल पहले इस योजना को राजधानी में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया था, जहां यहीं दम तोड़ गई। सूत्रों के मुताबिक सरकारी संस्थानों में दंत चिकित्सकों के साथ उपचार संबंधी संसाधनों की भारी कमी है। इसकी व्यवस्था तमाम हमर अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जाना था मगर इस पर अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। कुछ इसी तरह का हाल अन्य जिलों में भी है और मरीजों को इलाज के लिए निजी अस्पतालों में जाकर इसके लिए पैसे खर्च करना पड़ता है। प्रदेश में दांतों की समस्या से पीड़ित मरीजों की संख्या काफी बढ़ चुकी है। खानपान की लापरवाही, तंबाकू का सेवन और उचित देखभाल के अभाव में हर दूसरा व्यक्ति दांतों की परेशानी झेल रहा है।

इस तरह की समस्या का समाधान करने के लिए दो साल पहले दांत की समस्या से पीड़ित लोगों की एएनएम और मितानिन की मदद से पहचान कर स्वास्थ्य केंद्रों तक लाने की योजना बनाई गई थी। राजधानी में इसका पायलट प्रोजेक्ट भी लागू किया गया मगर बड़ी सफलता नहीं मिल पाई और योजना ठंडे बस्ते में चली गई।

## पायलट प्रोजेक्ट में ही दम तोड़ गई दो साल पहले बनाई गई योजना

### पद भी खाली

प्रदेश में दांतों की बीमारी बढ़ती जा रही है मगर सरकारी अस्पतालों में दंत चिकित्सकों की नियुक्ति पर गंभीरता नहीं बरती जा रही है। सूत्रों के अनुसार राज्य में दंत चिकित्सक के केवल 137 पद स्वीकृत है, जिसमें से 106 पदों पर नियुक्ति हुई है और 31 पद खाली पड़े हैं। दांतों की बीमारी का बेहतर इलाज निजी अस्पतालों पर निर्भर है।



### ट्रेनिंग भी काम नहीं आई

अधिकारिक सूत्रों के अनुसार राजधानी में यह सर्वे एक महीने तक किया गया था मगर बड़ी सफलता नहीं मिली थी। विशेष से ही सौ लोगों को काउंसिलिंग कर दांतों की जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्रों तक भेजा गया था। इसके बाद अन्य जिलों के जिम्मेदारों को इस बारे में ट्रेनिंग दी गई थी मगर वहां काम प्रारंभ नहीं हो पाया और योजना धीरे-धीरे ठंडे बस्ते में चली गई।

## 34.576 गाड़ी मालिकों का ट्रैफिक पुलिस नहीं खोज पाई पता

# आरसी बुक में एड्रेस गलत व मोबाइल नंबर नहीं पांच साल से फंसा है ई-चालान का 1.72 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रांग साइड गाड़ी चलाने और चौराहों पर ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वाले अब ट्रैफिक पुलिस के लिए भी परेशानी का सबब बने हुए हैं। इनका आरसी बुक में एड्रेस गलत होने व मोबाइल नंबर नहीं होने से ई-चालान बनाने के बाद ट्रैफिक पुलिस अब तामील कराने के लिए भटक रही है। विगत पांच साल में ऐसे 34 हजार 576 गाड़ी मालिकों पर पुलिस ने 1.72 करोड़ का जुर्माना किया है। गाड़ी मालिक पकड़ में नहीं आ रहे इसलिए रिकवरी भी अटक गई है।

हरिभूमि सरोकार

नई-पुरानी गाड़ियों का ई-चालान ट्रैफिक पुलिस द्वारा रोज किया जा रहा है, लेकिन ई-चालान घर पहुंचाना अब बड़ी चुनौती है। जिनके पास पुरानी गाड़ियां हैं, उन्होंने गाड़ी खरीदते समय घर का एड्रेस गलत दिया। उनका मोबाइल नंबर भी आरटीओ के रिकार्ड में दर्ज नहीं होने से गाड़ी मालिकों से ई-चालान की तामिल कराने में दिक्कते आ रही है।

डाकिया से ई- चालान वापस मिलने पर पुलिस अमले को पसीना बहाना पड़ रहा है। साल 2023 में 34 हजार 576 गाड़ियों के चालान की तामिल नहीं होने से जुर्माना राशि की रिकवरी अटकी है। जिले में पुरानी गाड़ियों की संख्या लाखों में है। इनका उपयोग लोग अभी भी कर रहे है। ऐसे वाहन चालक चौराहों पर सिग्नल जम्प करने के साथ रांग साइड चलने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं।

### 5 साल से भी पुरानी समस्या

जिन गाड़ी मालिकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई, उनसे रिकवरी नहीं होने से कार्रवाई भी बेअसर है। वजह जांचने पर पता चला कि जिन लोगों के पास पुरानी दोपहिया या कारें हैं, ऐसे लोगों द्वारा गाड़ी खरीदते समय आरसीबुक में गलत पता लिखवाया गया है। गाड़ी मालिक का संपर्क नंबर नहीं होने से ई-चालान का मैसेज भी नहीं जा रहा है। समस्या पांच साल से ज्यादा पुरानी है,इससे छुटकारा भी नहीं मिला है। मार्च 2019 से इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमस) लागू है।



### आटीएमएस से पकड़ रहे खामी

शहर के चौक-चौराहों सहित 55 स्थानों पर कैमरे लगाकर आईटीएमएस से मानीटरिंग करते हुए जवानों द्वारा रोज करीब तीन सौ वाहन चालकों की लापरवाही कैमरे के जरिए पकड़ में आ रही हैं। ऐसे वाहन चालकों के मोबाइल पर तुरंत ई-चालान का मैसेज भी ट्रैफिक पुलिस द्वारा दिया जाता है। इनमें ऐसे वाहन मालिक पुलिस के लिए सिर दर्द बने हुए हैं, जिनके पास पुरानी गाड़ियां हैं। इसे खरीदते समय आरटीओ को सही पता नहीं दिया और कोई संपर्क नंबर रजिस्ट्रेशन के दौरान दर्ज नहीं किया गया है।

### पकड़े जाने पर जुर्माना जमा..

पुरानी गाड़ियों के ई-चालान की तामिल में दिक्कत आती है। अब ऐसे वाहनों के नंबरों का डाटा तैयार करके मैनुअल जांच में पकड़े जाने पर जुर्माना राशि जमा करवा रहे हैं। ऐसे गाड़ी मालिक क्लेम लेने और उसे बेचते समय भी पकड़ में आ रहे हैं।

**- गुरजीत सिंह,** डीएसपी, ट्रैफिक, रायपुर

### केस 1

गाड़ी नंबर सीजी-04, सीएक्स-4640, अनिता विश्वर्मा के नाम से है। इनका आरसी बुक में एड्रेस भगवान सिंह, बालाजी नगर, रायपुर लिखा है। मोबाइल नंबर भी नहीं दर्ज है। इनको ई-चालान भेजा गया, मगर डाकिया ही नहीं, पुलिस महकमा भी पता नहीं खोज पाया है, चूंकि वह गलत दर्ज है।

### केस 2

गाड़ी क्रमांक सीजी-10, एयू-9276 रामेश्वर देवांगन के नाम से रजिस्टर्ड है। आरसी बुक में एड्रेस दुर्गा नगर, बिलासपुर लिखा है। इसमें गाड़ी मालिक का अन्य कोई भी एड्रेस नहीं होने से पोस्टमैन को भी ई-चालान ट्रैफिक पुलिस को लौटाना पड़ा। लोक अदालत में भी बुलाना संभव नहीं हो पाया।

### केस 3

वहीं सीजी 06 जीक्यू 8394 का रजिस्ट्रेशन परिवहन विभाग के रिकार्ड में राजकुमार यादव के नाम से है। इनके आरसी बुक में एड्रेस की जगह बसना वार्ड, महासमुंद लिखा है। इस एड्रेस पर ई-चालान नहीं पहुंचा, क्योंकि एड्रेस ही फाल्स है। क्षेत्रिय पुलिस भी ई-चालान पहुंचाने में नाकाम रही है।

### बेचते समय अब फंसेगा पेंच

जिन पुरानी गाड़ियों का उपयोग करते हुए ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है, ऐसे लोगों के सामने इन्हें बेचते समय दिक्कत आने वाली है। खरीदी-बिक्री के दौरान आरटीओ से एनओसी लेने का प्रावधान है। जिनकी गाड़ियों का ई- चालान ट्रैफिक पुलिस द्वारा किया गया है, लेकिन गाड़ी मालिक ने उसे जमा नहीं किया है, उनको गाड़ी बेचने से पहले चालान की राशि जमा करनी होगी, तभी गाड़ी मालिक का नाम ट्रांसफर किया जाएगा। उसे जमा नहीं करने पर कानूनी दिक्कतें भी आने वाली हैं।

# मौसम की बेरुखी से बिजली में खपत की गर्मी डिमांड 58 मेगावाट तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मानसून में मौसम की बेरुखी के कारण बिजली की खपत में गर्मी आ गई है। इस समय बिजली की खपत 58 सौ मेगावाट तक जा रही है। जहां तक अपने उत्पादन का सवाल है, तो छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के संयंत्रों में महज 18 सौ मेगावाट के आसपास उत्पादन हो रहा है। 210 मेगावाट के दो यूनिट खराबी के कारण बंद हैं। ऐसे में बिजली की आपूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से रोज 35 से 37 सौ मेगावाट तक बिजली लेनी पड़ रही है। बिजली की ज्यादा खपत का कारण उमस के कारण एसी और कूलरों के चलने के साथ ही बारिश न होने के कारण कृषि पंपों का चलना भी है।

मानसून के मौसम में इस समय ठीक से बारिश न होने का बड़ा असर बिजली की खपत पर पड़ रहा है। कभी-कभार ही बारिश हो रही है। ऐसे में उमस के कारण गर्मी की तरह ही एसी और कूलर लगातार चल रहे हैं। इनके चलने के कारण खपत का ग्राफ बढ़ रहा है। एसी और कूलरों पर ही रोज की खपत हजार से 12 सौ मेगावाट हो जाती है। इसी के साथ इस समय बारिश न होने के कारण खेती-किसानी के लिए पानी की जरूरत होने पर प्रदेश भर के करीब छह लाख कृषि पंप भी लगातार चल रहे हैं। कृषि पंपों पर भी रोज की खपत सात से आठ सौ मेगावाट है। ऐसे में मानसून के समय जो खपत चार हजार से कम होनी चाहिए, वह छह हजार के करीब पहुंच गई है।



- अपना उत्पादन कम, सेंट्रल सेक्टर से लेनी पड़ रही 35 से 37 सौ मेगावाट बिजली रोज

बीते साल तो बारिश न होने के कारण खपत छह हजार मेगावाट के पार जा चुकी है। इस बार भी खपत के छह हजार मेगावाट के पार जाने की संभावना है। अगर बारिश नहीं हुई तो कभी भी खपत छह हजार मेगावाट के पार हो जाएगी।

### सेंट्रल सेक्टर का सहारा

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के उत्पादन संयंत्रों की क्षमता 2960 मेगावाट है। लेकिन इस समय संयंत्रों में उत्पादन महज 18 सौ मेगावाट हो रहा है। एक तो 210 मेगावाट के दो यूनिट बंद हैं। इसी के साथ अन्य संयंत्रों में क्षमता से कम उत्पादन हो रहा है। ऐसे में खपत की पूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से रोज अलग-अलग समय में जरूरत के हिसाब से 35 से 37 सौ मेगावाट बिजली ली जा रही है।

# सोने के लिए भी एक देश एक कीमत की योजना तस्करी और अवैध कारोबार पर लगेगी लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देशभर में सोने की कीमत को लेकर केंद्र सरकार एक देश एक कीमत पर विचार कर रही है। इसको लेकर मंथन चल रहा है। प्रदेश के सराफा कारोबारियों का कहना है, यह योजना अच्छी है। खुले बाजार में सोना सीधा न आने के कारण इससे तस्करी और अवैध कारोबार पर लगाम लगने की पूरी संभावना है। एक ही कीमत होने पर छोटे शहरों के ग्राहकों को इसका फायदा मिलेगा। अभी अलग-अलग शहरों में परिवहन और राज्यों के टैक्स की बात कहते हुए ग्राहकों से ज्यादा कीमत ले ली जाती है। नई पॉलिसी से छोटे शहरों के ग्राहकों को भी महानगरों की कीमत पर ज्वेलरी मिल सकेगी।

प्रदेश के सराफा कारोबारियों का कहना है, देश में ज्यादातर प्रमुख ज्वेलर्स के बीच वन नेशन वन रेट पॉलिसी को लेकर सहमति बन गई है। जेम एंड ज्वेलरी काउंसिल की इस पहल का मकसद पूरे देश में सोने की कीमत को एक करना है। जेम एंड ज्वेलरी काउंसिल ने पूरे देश में सोने की एक ही दर लागू करने पर सर्वसम्मति से भारत के प्रमुख ज्वेलर्स से राय ली है। अब सितंबर में एक बड़ी बैठक होने वाली है। इसमें बड़े ऐलान की संभावना है। वन नेशन वन रेट पॉलिसी ग्राहकों के लिए बेहद फायदेमंद मानी जा रही है। अगर पूरे देश में सोने का एक ही रेट होता है, तो इससे बाजार और ज्यादा बेहतर हो जाएगा। इसके साथ ही पूरे देश में सोने की कीमतों के एक होने से सोने की कीमत में भी कमी आ सकती है। ऐसा होने से ज्वेलर्स के बीच भी उचित प्रतिस्पर्धी माहौल बनेगा। साथ ही अभी जो ज्वेलर्स सोना बेचने पर कई बार मनमानी कीमत वसूलते हैं, उस पर भी लगाम लगेगी।

## छोटे शहर के ग्राहकों को महानगरों की कीमत पर मिल सकेगी ज्वेलरी



### एक ही कीमत होनी चाहिए

केंद्र सरकार की यह योजना अच्छी है, देशभर में एक ही कीमत होने से ग्राहकों को इसका लाभ मिलेगा। सितंबर में होने वाली बैठक में छत्तीसगढ़ एसोसिएशन को भी आमंत्रण मिला, तो जाकर अपनी राय देंगे।

**- कमल सोनी,** अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन

### कौन करेगा कीमत तय

सोने की कीमत इस समय अंतरराष्ट्रीय बाजार के हिसाब से तय होती है, लेकिन इसके बाद भी देश के अलग-अलग शहरों में कीमत अलग-अलग होती है। नई पॉलिसी के तहत सरकार नेशनल बुलियन एक्सचेंज बनाएगी, जो सब जगह सोने की बराबर कीमतें तय करेगा। ज्वेलर्स को इसी कीमत पर सोना बेचना होगा।

### अवैध कारोबार पर लगेगा अंकुश

राजधानी रायपुर के सराफा कारोबार नाम न छापने की शर्त पर बताते हैं कि नई पालिसी से सोने की तस्करी और अवैध कारोबार पर अंकुश लगेगा। इस समय बाजार में सोना जहां बैंकों की माध्यम से आता है, वहीं खुले बाजार से भी आता है, लेकिन नई पॉलिसी में खुले बाजार में सोना आना बंद होगा। नेशनल बुलियन एक्सचेंज से ही सोना मिलेगा, तो अवैध कारोबार आसान नहीं होगा। इसका पूरा हिसाब रहेगा। इस समय दूसरे देशों से जो सोना आता है, उसका कोई हिसाब-किताब नहीं रहता है। आयात शुल्क के साथ जीएसटी बचाने के लिए दो नंबर में बिक्री होती है। ग्राहकों को ही दस ग्राम सोने में 11 हजार से ज्यादा बच जाते हैं तो वे भी बिल नहीं लेते हैं। निवेश के लिए सोना खरीदने वाले ज्यादातर बिना बिल का ही माल लेते हैं।

## ब्रेकडाउन होने पर रेलवे को तत्काल मिलेगी सूचना

# भनवारटंक टनल में यात्रियों को मिलने लगी वाई-फ़ाई कॉलिंग की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर-कटनी रेल मार्ग पर बने भनवारटंक टनल में अब यात्रियों को वाई-फाई कॉलिंग की सुविधा मिलने लगी है। रेलवे ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क के जरिये यह सुविधा दी जा रही। इस तरह का प्रयोग पहली बार जोन के किसी टनल पर किया गया है। इससे यात्रियों के साथ परिचालन से जुड़ी सूचना प्रेषित करने में भी रेलवे को सहूलियत मिलने लगी है। भनवारटंक-खोडरी सेक्शन पर यह टनल 117 साल से मजबूती के साथ खड़ा है। घने वन और पहाड़ों के बीच अंधेरी गुफा का रोमांच यात्रियों को आनंदित कर देता है। यह सफर अब और सुरक्षित व आसान हुआ है।



- अंग्रेजों के दौर में बना था भनवारटंक टनल, घने वन और पहाड़ होने से नहीं मिलता था नेटवर्क

### अब मिलेगी तत्काल सूचना

भनवारटंक-खोडरी सेक्शन 100 साल से भी अधिक पुराना व सर्वाधिक जटिल माना जाता है। विषम परिस्थितियों के कारण इस रूट पर उचित संचार माध्यम की अनुपलब्धता दपूमरे रेलवे के लिए कई वर्षों से चुनौती रही है। डबल लाइन से युक्त इस सेक्शन में चढ़ाई, घने जंगल तथा अन्य कारणों से किसी भी प्रकार का ब्रेकडाउन होने की स्थिति में संचार का उचित माध्यम नहीं होने से पहली सूचना मिलने में लंबा समय लग जाता है। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मंडल के संकेत एवं दूरसंचार विभाग द्वारा एक अनूठी पहल करते हुए इस सेक्शन में मौजूद भनवारटंक डाउन लाइन टनल के पास एक गुमटी में आप्टिकल फाइबर नेटवर्क के जरिए वाई-फ़ाई कालिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

### ब्रेकडाउन की जानकारी अब झटपट

गुमटी में 30 मीटर के दायरे में जो कि इस दुर्गम भनवारटंक-खोडरी सेक्शन के बीच डाउन लाइन में टनल के समीप स्थित है, वहां सीधे मोबाइल से संपर्क स्थापित किया जा सकता है। न केवल वॉइस कॉलिंग, बल्कि वाट्सएप एवं अन्य ऐप का उपयोग कर सीधे साइड से सभी जानकारी आसानी से साझा की जा सकती है। ब्रेकडाउन की जानकारी जल्दी मिलने से विफलताओं को त्वरित ठीक किया जा सकेगा। इससे परिचालन को आसानी से सुचारू किया जा सकेगा। मौजूदा समय में स्मार्टफोन में मोबाइल नेटवर्क अनुपलब्ध होने की स्थिति में भी वाई-फ़ाई के जरिये वाइस कालिंग तथा अन्य प्रकार का संचार आसानी से संभव होता है। इसी तकनीक का उपयोग कर रेलवे ने अपने नेटवर्क को दुर्गम पहाड़ियों के बीच बेहद कम समय में सेक्शन के रेलवे कर्मचारियों द्वारा उपलब्ध इंजीनियरिंग गुमटी तक पहुंचाया है।

# बेवरेज कॉर्पोरेशन के लिए शराब खरीदी जल्द होगी, 29 को खुलेगा रेट ऑफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में ब्रेवरेज कार्पोरेशन के माध्यम से शराब खरीदी के लिए जारी प्रक्रिया के तहत विनिर्माता, प्रदायकर्ता इकाइयों का पंजीयन शुरू होने के बाद 29 जुलाई को रेट ऑफर खोला जाएगा। इसके साथ ही शराब खरीदी शुरू हो जाएगी। खास बात ये है कि राज्य सरकार ने हाल ही में कैबिनेट में निर्णय लेकर एफएल 10 लाइसेंस निरस्त किया था। इसे शराब कारोबार से बिचौलियों को बाहर करने की प्रक्रिया के रूप में देखा जा रहा है। अब एफएल 10 लायसेंस हासिल करने का अधिकार सरकारी कंपनी स्टेट ब्रेवरेज कार्पोरेशन के पास होगा। आबकारी विभाग ने शराब खरीदी के संबंध में एक सूचना जारी कर बताया है कि विदेशी मदिरा के थोक प्रदाय के लिए आबकारी आयुक्त कार्यालय द्वारा 11 जुलाई को जारी रेट ऑफर के अनुसार आबकारी आयुक्त ने 26 जुलाई की शाम तक रेट ऑफर आमंत्रित किया है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद 29 जुलाई को 11 बजे रेट ऑफर खोला जाएगा, लेकिन इससे पहले विदेशी मदिरा के विनिर्माता, प्रदायकर्ता इकाइयों की प्री बिड मंत्रणा आबकारी आयुक्त कार्यालय में शुक्रवार को हुई है। इस मंत्रणा में विदेशी शराब विनिर्माता, प्रदायकर्त इकाइयों को बुलाया गया।



### अब थोक खरीदी, भंडारण ब्रेवरेज कार्पोरेशन के हवाले

आबकारी विभाग ने राज्य शासन के आदेशानुसार इस संबंध में सूचना का प्रकाशन कराया है। विदेशी शराब के थोक क्रय, भंडारण एवं फुटकर अनुज्ञप्तिधारियों को विक्रय का काम छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कार्पोरेशन द्वारा किया जाएगा। विदेशी मदिरा के लिए रेट ऑफर करने का काम आबकारी आयुक्त द्वारा किया जाएगा। विदेशी मदिरा की खरीदी के लिए रेट ऑफर प्रक्रिया में भाग लेने के पहले विदेशी मदिरा की विनिर्माता, प्रदायकर्ता इकाइयां आबकारी आयुक्त कार्यालय जीएसटी भवन नवा रायपुर अटल नगर में पंजीयन किया गया है। इसके लिए 9 तारीख से आवेदन लेना शुरू किया गया था।

## पेज 9 के शेष...

### चार मंदिरों में चोरी...

हजार रुपए को चोरी कर ले गया था। इसके साथ ही पांचवी घटना ग्राम चिरचार निवासी एक व्यक्ति के घर एक नग चांदी के पायल व एक नग मोबाइल जिसकी कीमत 11 हजार रुपए की चोरी किया था। इस प्रकार आरोपी के कब्जे से 2 लाख 10 हजार रुपए के आभूषण व नगदी रकम बरामद किया है वहीं आरोपी चोर को धारा 331(4), 305 के तहत न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। **बाइक चोरी का आरोपी भी गिरफ्तार-** इसी के साथ ही वैवाहिक कार्यक्रम स्थल से मोटरसाइकिल की चोरी करने वाले एक बालोद शहर के वार्ड क्रमांक 5 निवासी डामन विश्वकर्मा उर्फ अर्जुन पिता सुनील उम्र 19 वर्ष को भी धारा 331(4), 305 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### चार माह के लिए...

पर्व पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। **देवउठनी से पुनः शुरू होंगे मांगलिक कार्यक्रम-** शुभ वैवाहिक मुहूर्त एवं मांगलिक आयोजनों का क्रम चार माह बाद 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी के साथ ही शुरू हो जाएगा। नवंबर माह से पुनः वैवाहिक आयोजनों का क्रम जारी रहेगा। ज्ञात हो कि पूर्व में लगातार मुहूर्त होने से वैवाहिक आयोजनों का दौर बना रहा, जिससे लोगों की व्यस्तता बनी रही।

### स्वामी आत्मानंद...

2023-24 में कक्षा दसवीं में खुशी विश्वकर्मा 95.88 प्रतिशत तथा भूमिका धनकर 95.66 प्रतिशत के उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ 10 विद्यार्थियों ने 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में दिलेश ने 88.60 तथा रिया 87.40 के साथ 6 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर शाला तथा जिला को गौरवान्वित किया। इसी प्रकार क्रीडा के क्षेत्र में व्यायाम शिक्षक लक्ष्मण गुरुंग के मार्गदर्शन में पांच खिलाड़ियों ने जिमनास्टिक, एक खिलाड़ी कुश्ती तथा एक खिलाड़ी कबड्डी में राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व प्राप्त किया।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि ग्राम सरपंच शिवराम सिंदरामे तथा सचिव नेम सिंह अलेंद्र थे। वरिष्ठ व्याख्याता एके सिन्हा ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कुसुमकसा के पंचगण, वरिष्ठ नागरिक गण तथा समस्त व्याख्यातागण गीता गुप्ता, एम जॉर्ज, यू त्रिपाठी,आर के अवाड़े,इंद्राणी मुखर्जी ,रंजना खोबरागड़े ,किरण झा,मांडवी मिश्रा ,सविता स्वर्णकार ,आशा प्रधान ,भारत नायक , सी बी डाहरे ,कृतिका साहू ,दीपमाला जोशी, देहुती कोठारी ,चंद्रकला सक्सेना,डाली मेस्त्राम , शीतला नायक, विजयलक्ष्मी साहू, उमेश सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### 3 हजार घरों में 2 दिन से नहीं पहुंच रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बिरगांव में गर्मी ही नहीं, बल्कि बरसात में भी पेयजल की समस्या से लोगों को मुक्ति नहीं मिली है। बुधवार शाम से मठपारा टंकी से जुड़े पुराने नल कनेक्शन धारकों के घरों में पानी की एक बूंद नहीं पहुंच रही है। इससे तीन हजार से ज्यादा परिवार परेशान हैं। प्रभावित परिवारों को आसपास के सार्वजनिक बोर से पानी भरना पड़ रहा है।

राजधानी में ही नहीं, बल्कि इससे सटे बिरगांव निगम के वार्ड क्रमांक 10 के आधे हिस्से में बुधवार शाम से मठपारा पानी टंकी से पेयजल आपूर्ति प्रभावित है। इससे वार्ड क्रमांक 20 से लेकर 27 तक 5 हजार से ज्यादा घरों में सप्लाई दिया जाता है।

# सिकोला स्थित श्री मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में गुरू पूर्णिमा पर होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

तांदूला नदी के किनारे सिकोला ग्राम में वर्षों से संतों का जमावड़ा होता आया है। यहां पर अमराई के बीच श्री मुक्तेश्वर महादेव मंदिर स्थित है। यहां पर हर साल गुरु पूर्णिमा पर वृहद आयोजन होता है। ग्रामीण अपने गुरु महर्षि श्री मुक्तानंद को याद करते हैं। उनकी मूर्ति भी यहां स्थापित है, जिन्होंने 1965 में यहां पर शिवलिंग स्थापित की थी। जिसे आज श्री मुक्तेश्वर महादेव मंदिर के नाम से जाना जाता है। हर साल की तरह यहां इस वर्ष भी आज गुरू पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा। कार्तिक पूर्णिमा पर भी यहां मेला लगता है, तो वहीं होली के बाद धुर पक्ष में नौ दिनों तक भागवत या शिव पुराण का आयोजन हर साल होता है। ग्रामीणों ने बताया कि 1959 -60 में उत्तर प्रदेश के झंडापुर से श्री मुक्तानंद महाराज का आगमन उनके ग्राम में हुआ था। वे संत महात्मा थे। जिनके सानिध्य में ग्रामीणों ने धार्मिक शिक्षा ग्रहण की थी। 1965 में फिर श्री मुक्तानंद महाराज ने यहां शिवलिंग की स्थापना की। यह सिर्फ सिकोला गांव का ही नहीं बल्कि आसपास के पूरे नौ गांव का धार्मिक और शांति का स्थल है। लगभग 25 एकड़ में फैले इस संत महात्मा के स्थल में सिकोला गांव के लगभग 50 ग्रामीणों ने अपनी जमीन दान की है और इस मंदिर का विकास कर रहे हैं।




## निसंतानों की होती है मनोकामना पूर्ण

मंदिर समिति के अध्यक्ष सिन्हा, उपाध्यक्ष लाभूराम निषाद, दसरू राम देशमुख ने बताया कि महर्षि मुक्त वाटिका सिकोला के अंतर्गत सिकोला, देवगहन, सलोनी, गुरेदा, भरदाखुर्द, रौना, ओडारसकरी, चीचा और तिलखैरी आता है। इस जगह की विशेष मान्यता यह है यहां निसंतान दंपतियों को संतान की प्राप्ति हुई है। लोग अपनी मनोकामना लेकर यहां आते हैं। खासतौर से महिलाएं यहां हर सोमवार को पूजा करने के लिए आती है और व्रत रखती हैं। भागवत के आयोजन में परीक्षित के रूप में निसंतान दंपत्ति ही बैठते हैं और उनकी मनोकामना भी पूरी हुई है। जिन गांवों के लोग इस स्थल से जुड़े हैं वह प्रत्येक आयोजन में हर घर से दान देते हैं और उन्हीं से आयोजन संपन्न होता है। 21 जुलाई को होने वाले गुरु पूर्णिमा की तैयारी में समिति के कोषाध्यक्ष राम भगत साहू, मोहन हिरवानी, उप कोषाध्यक्ष गैंधर हिरवानी, सचिव पूनम प्रकाश साहू, सह सचिव उमन साहू, प्रचार मंत्री श्री राम देशमुख, कपिल राम साहू, संगठन मंत्री तिजूराम देवांगन, सोहनलाल देशमुख सहित अन्य जुटे हुए हैं।




## प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने की पहल

यहां के लोग पर्यावरण के प्रति जागरूक हैं। ग्रामीण यहां गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने की पहल भी शुरू की है। सिर्राभांठा के समाज सेवी राजेश सिन्हा द्वारा दान में मिले स्टील के बर्तन (थाली गिलास) के जरिए ग्रामीण प्लास्टिक मुक्त पहल कर रहे हैं। गांव में कोई भी आयोजन होता है, चाहे सुख का हो या दुख का, तो वहां प्लास्टिक की चीजों का इस्तेमाल नहीं किया जाता, बल्कि स्टील के बर्तनों का इस्तेमाल किया जाता है।

## खबर संक्षेप



### राइस मिल के भूसे के कारण किसानों को हो रही परेशानी

**अंडा।** क्षेत्र के गौरव ग्राम पंचायत अंडा में एक राइस मिल के भूसे के कारण किसानों का आना जाना बंद हो गया है। राइस मिल द्वारा आम रास्ते पर भूसे का ढेर लगा दिया गया है, जिससे किसानों को आने-जाने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षों से राइस मिल के मालिक से भूसे को हटाने की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उनकी ओर से पहल नहीं की जा रही है। किसानों का कहना है कि किसानी के दिनों में किसानों के लिए आम रास्ता बंद ना किया जाए। किसानों का कहना है कि उन्हें अपने खेत में जाने के लिए 3 किलोमीटर घूम कर जाना पड़ता है, जबकि उसका खेत पास ही में है। किसानों का कहना है कि जब अपने खेतों में गाड़ी लेकर जाते हैं, तो राइस मिल के सामने में लगी गाड़ी में जब तक भूसा भरकर नहीं ले जाया जाता, तब तक दो तीन घंटे उन्हें सड़क पर खड़ा रहना पड़ता है। हरदीडीह खेत के किसान सबसे ज्यादा पीड़ित हैं। इसके साथ ही नहर नाली भी भूसे से पट गई है। किसानों का कहना है कि यदि मिल मालिक उपाय नहीं करता, तो हम जनदर्शन में जाकर कलेक्टर से शिकायत करेंगे।

### मुख्यमंत्री साय आज जामड़ी पाटेश्वर धाम में

**डौंडीलोहारा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जामड़ी पाटेश्वर धाम पहुंचेंगे। जारी प्रोटोकॉल के अनुसार वे हेलीकॉप्टर से 11 बजे पहुंचेंगे। 1 घंटे पूजा अर्चना में शामिल होकर वापस लौट जाएंगे।



### धनोरा में गुरु पूर्णिमा आज

**उतई।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा में 21 जुलाई को धूमधाम के साथ गुरु पुर्णिमा मनाया जाएगा। सुबह 10 बजे से गुरु पुजन एवं 11 बजे से भजन संध्या एवं अतिथि आगमन व सम्मान समारोह तथा दोपहर 3 बजे से ओम आदित्य मानस मंडली रिसाली भिलाई संतोष ढीमर विनीता ढीमर के मंडली द्वारा मानस गान की प्रस्तुति होगी।

## मुख्य सचिव अमिताभ ने संभाग आयुक्त, कलेक्टरों की बैठक में दिए निर्देश

# सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने करें पुख्ता इंतजाम : अमिताभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने प्रदेश के सभी संभाग आयुक्त, कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों का वीडियो कान्फ्रेंसिंग लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर एवं पुलिस तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों के सड़क दुर्घटना के रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने एवं सड़क सुरक्षा समिति की नियमित रूप से बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। जैन ने अधिकारियों से सड़क पर घुमन्तु पशुओं की विचरण की समस्या से निजात दिलाने हेतु किए जा रहे उपायों की समीक्षा की तथा इसकी रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा। मुख्य सचिव ने मौजूदा खरीफ सीजन के मद्देनजर राज्य के सभी जिलों में खाद बीज की समुचित उपलब्धता की भी जानकारी ली। उन्होंने किसानों को समुचित मात्रा में खाद बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

जैन ने कलेक्टरों एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इसके लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने तथा विवाह, धार्मिक आयोजन आदि में लगाए जाने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रें का वीडियोग्राफी भी कराने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव जैन ने अधिकारियों को इन सभी कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।




### राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार पर दें विशेष ध्यान

जैन ने राजस्व विभाग के अंतर्गत राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार के प्रकरणों का निराकरण, भू–अर्जन अवार्ड के अनुरूप राजस्व अभिलेख दुरस्तीकरण एवं राजस्व नक्शों में सुधार के लंबित प्रकरणों और निराकरण हेतु अभियान के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। श्री जैन ने कहा कि राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार के प्रकरणों के अंतर्गत आवेदकों के अभिलेखों में त्रुटि सुधार के उपरांत उसे अनिवार्य रूप सुधरा हुआ अभिलेख प्रदान की जाए। बैठक में मुख्य सचिव जैन ने जिला स्तर पर जल जीवन मिशन योजनाओं की पूर्णता की प्रगति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में लाभार्थी कृषकों का सेचुरेशन, वनाधिकार पट्टे का डिजिटाइजेशन एवं अभिलेख दुरूस्ती व्यवस्था, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के कार्यों की भी समीक्षा की।

## जर्जर स्कूल देख भड़के विधायक ईश्वर, कलेक्टर को लगाया फोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



साजा विधानसभा के ग्राम बोरी में स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल की स्थिति देख विधायक ईश्वर साहू भडक गए। उन्होने तत्काल स्कूल की मरम्मत कार्य शुरू कराने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को फोन लगाया, वही स्कूल की जर्जर स्थिति देख उन्होने शिक्षको के खिलाफ भी नाराजगी जताई। गुरूवार को विधायक स्कूल के निरिक्षण में पहुंचे थे। बोरी के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के हिंदी मीडियम बिल्डिंग में शैक्षणिक गुणवत्ता की जांच करने पहुंचे और स्कूल के छात्र-छात्राओं से चर्चा के दौरान यह पता चला कि, बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही, ढंग से पीने की पानी नही, जगह जगह गंदगी, क्लास रूम में पंखे खराब व बन्द पड़ी थी। वही कमरे में पूरी तरह शिपेज देखने को मिला। स्कूल को लेकर विधायक प्राचार्य अरविंद भारद्वाज के जवाब से संतुष्ट नही हुए। तदुपरांत स्कूल परिसर में ही विधायक ने जिलाधीश ऋचा प्रकाश चौधरी को दूरभाष के माध्यम से शासकीय आत्मानंद स्कूल बोरी की जो स्थिति है, उसे अवगत कराया। स्कूल की स्थिति के प्रति विधायक ने नाराजगी जताई और तत्काल छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान रखते हुए स्कूल की स्थिति को सुधारने के निर्देश दिए। उसके पश्चात क्षेत्र के तमाम किसानों के समस्याओ कल सुनने के लिए अचानक तहसील कार्यालय बोरी में पहुंच गए। किसानों से मुलाकात कर पूर्व में लंबित प्रकरणों को अति शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। फिर वहां से बोरी में सेवा सहकारी समिति में पहुंचकर किसानों के फसल के लिए खाद दवाई बीज पर अति आवश्यक जानकारी ली। तत्पश्चात शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरी अस्पताल पहुंचे जहां पर डॉक्टर एवं स्टाफ नर्स की कमी पाई गई। विधायक ने मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया एवं स्टेडियम के अंदर लगे हुए दो बिजली के ट्रांसफार्मर को अति शीघ्र हटाने के निर्देश। इस दौरान बोरी लिटिया भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, महामंत्री जोहन वर्मा, उपाध्यक्ष संजय कश्यप, सीताराम पटेल, युवा नेता अरविंद पटेल, सूरज देशमुख, राजेन्द्र पटेल, शुभमदास, विरेन्द्र सोनी आदि उपस्थित थे।

## चातुर्मास शुरू, साधु-साध्वी भगवंतों के विचरण पर विराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



जैन धर्म आराधना का पावन अवसर साधु साध्वी भगवंतों के सानिध्य में चातुर्मास शनिवार 20 जुलाई 2024 से प्रारंभ हो गया। चयनित चातुर्मास स्थल पर जैन साधु साध्वी भगवंत पहुंच चुके हैं। धर्म आराधना की समय सारिणी भी तैयार हो चुकी है। सामयिक प्रतिक्रमण प्रार्थना पूजा दर्शन आदि धार्मिक क्रियाओं में श्रावक श्राविका अपने आपको नियमित जोड़ने के लिए अपनी दिनचर्या को चुस्त दुरुस्त करने लगे हैं। चातुर्मास के वर्षाकाल में जीव उत्पत्ति अधिक होती है जीवो की रक्षात्मक दृष्टि से इन चार महीनों विचरण पर विराम लगाकर जैन धर्म प्रेमियों को सदमार्ग की राह दिखाते हुए साधु साधुवी जन स्वयं आत्मकल्याण के पथ को सुदृढ़ बनाते हैं।

**चातुर्मास ने अनेकों अजैन नामी गिरामी जैन संत दिए-** समाज के वरिष्ठ गौतम चंद चौरडिया, गोवर्धन चंद कोचर कहते है कि जैन धर्म का पालन करने वाले अनेकों अजैन चातुर्मास में ऐसे आराधना में लीन हुए कि वे नामी गिरामी जैन संत बनकर मानव समाज को दिशा दिए और आत्मकल्याण के पथ पर आगे बढ़े।

**चातुर्मास में कौन साधु साध्वी कहां विराजमान-** नगरी में विवेक सागर, प्रशम सागर महाराज साहब, डौंडी लोहारा में अंजना जी मसा, देवकर में श्रमण संघ सतीश मुनि जी आदि ठाणा 4, कवर्धा में विजय आदि ठाणा 6, बेरला में अक्षय मुनि जी आदि ठाणा 2, बालोद में प्रमिला आदि 4 ठाणा और ऋषभ सागी महाराज आदि ठाणा 2 बालोद में विराजित है। रायपुर में विवेकानंद नगर में जयपाल मुनि जी प्रियदशऐं विजय दादाबाड़ी में विनय कुशल मुनि, विराग मुनि राजेंद्र नगर मेंनश्री श्रमण तिलक विजय जी आदि ठाना, डौडीलोहारा में प.पु. अंजना म.सा.,प.पु.श्री सुधा जी म.सा.,प.पु.श्री शुभा जी म.सा.,प.पु.श्री विभा जी म.सा.ठाणा 4 चातुर्मास स्थल डोंडीलोहरा मंदिर उपाश्रय में विराजित हैं। दल्लीराजहरा में प.पु.श्री मुमुक्षा जी म.सा,प. पु. श्री श्रद्धा जी म. सा.,प.पु.श्री —ति जी म.सा'.ठाणा 3 चातुर्मास स्थल समरथ भवन मे विराजित है, राजनांदगांव में महासतीयाँ प.पु.श्री संगीता जी म.सा.प. पु. श्री पूर्णिता जी म. सा.प. पु श्री पूर्वा जी म. सा.' प.पु. श्री दर्शिता जी म.सा.प. पु.श्री सौम्या जी म.सा ठाणा 5 चातुर्मास स्थल समरथ भवन राजनांदगाव मे विराजित है। अतरिया में प.पु.श्री महिमा जी म.सा.प. पु.श्री विज्ञप्ति जी म. सा.।प. पु.श्री जिनिशा जी म.साआदि ठाणा 3 अतरिया जैन स्थानक मे विराजित है। बालोद में शासन दीपिका पूज्य प्रमिला श्री जीम.सा महासति सुप्रिया श्री जी म.सा. महासति दीक्षिता श्री जी म.सा. महासति अनुजा श्री जी म.साआदि ठाणा 4 बालोद में विराजित है, धमतरी में श्री विशुद्ध सागर जी मसा, दुर्ग में साध्वी दर्शन प्रभा श्री जी मसा, राजिम साध्वी संघमित्र श्रीजी मसा, खैरागढ़ में श्री श्वेततिलक विजय जी मसा उपस्थित रहेंगे।



## गरीबों के सुख-दुख की साथी बनी मजदूर कल्याण समिति : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद




मजदूर कल्याण समिति द्वारा आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मलेन एवं आमसभा के कार्यक्रम में मुख्य अथिति राजपत्रित अधिकारी कर्मचारी फेडरेसन के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा उपस्थित हुए। जिनके समक्ष समिति के द्वारा विभिन्न प्रकार के मांगों को लेकर समिति के सदस्यों द्वारा मांगपत्र का वाचन किया गया। जिस पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमल वर्मा ने गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए समिति के मांगो को शासन प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से रखने एवं कार्यों के क्रियान्वयन के लिए समिति एवं उपस्थित जनमानस को आश्वस्त किया। इस दौरान कमल वर्मा ने अपने उद्बोधन मे कहा कि मजदूर कल्याण समिति के सारे साथी एकजुटता एवं एकरुपता का परिचय देते हुए क्षेत्र के हर गरीब का आवाज बने और सबके सुख दुःख को अपना मानते हुए सहयोग की भावना के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहे यही शुभकामनायें है। मैं सदैव यथासंभव आप सबके जो भी आदेश निर्देश रहेगा उसको पूर्ण करने के लिए सतत प्रयासरत रहूंगा। श्रम विभाग के माध्यम से शिविर लगाकर आप सबके समस्याओं का निराकरण करने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर श्रमिक शिविर का आयोजन भी कराएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमल वर्मा के साथ बाबा वर्मा , टिकेंद्र वर्मा शिक्षक, ललित कुमार बिजौरा शिक्षक, प्रदीप चंद्राकर, जगदीश सपहा, मोहन यदु, संतोष यदु, राजीव देशमुख, गौतम बघेल, तुलसी राम सिन्हा, मनोज कुमार, कृष्ण कुमार, धर्मेंद्र, रामकिशन निर्मलकर, अनिल ठाकुर, कार्तिक यादव, गोवर्धन निर्मलकर, मजदूर कल्याण समिति के सदस्य अध्यक्ष चेतन लाल साहू, उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, सचिव तुकाराम साहू, नरहरलाल साहू आदि उपस्थित थे।

### पतोरा पंचायत प्रतिनिधियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**सेलूद।** स्वच्छता एवं डब्ल्यूएएसएच संरचनाओं के संचालन और संधारण विषय पर पंचायत प्रतिनिधियों की कार्यशाला एवं शैक्षणिक भ्रमण ग्राम पंचायत पतोरा में आयोजित किया गया। जिसमें कुल 42 पंचायतों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों को पतोरा ग्राम पंचायत में एफएसटीपी, अंश उर्वरक निर्माण, इको ब्रिक निर्माण, वर्षा जल संचयन संरचना, डीप बरियल पीट स्कूल वाश संरचना और टीआरएफ और जीडब्ल्यूएम की विजिट एवं जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को पतोरा ग्राम में निर्मित प्लास्टिक प्रोसेसिंग प्लांट का भी भ्रमण कराया गया और उसकी कार्य विधि को प्रदर्शित किया गया। सभी प्रतिभागियों से बहुत ही सकारात्मक फीडबैक मिला।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## बीएसपी में पेयजल उपचार प्रक्रिया मानकों के अनुरूपः प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने टाउनशिप के निवासियों को आश्वस्त किया है कि पेयजल आपूर्ति निर्धारित मापदंडों के अनुरुप सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त उपाय किए जाते रहेंगे। नगर सेवाएं विभाग के पीएचई अनुभाग ने निवासियों से अपील की है कि पानी से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत के लिए पीएचई विभाग से संपर्क करें। मानक मानदंडों के अनुरूप सुरक्षित पेयजल आपूर्ति करने के लिए प्रतिबद्ध है। बीएसपी प्रबंधन ने जारी विज्ञप्ति में स्पष्ट किया है कि बीएसपी अपने प्रयासों से बारम्बार सिद्ध किया है कि संयंत्र के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) में उपचार की प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुरूप है। डब्ल्यूटीपी में जल उपचार प्रक्रिया के संचालन में तकनीकी रूप से कोई त्रुटि नहीं है और यह सुविधा टाउनशिप को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने में पूरी तरह सक्षम है। घरों में आपूर्ति किए जाने वाले पानी के मापदंडों की जांच के लिए संयंत्र के नगर सेवा विभाग के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग द्वारा नियमित अंतराल पर आवासीय क्षेत्रों से नमूने भी लिए जाते हैं।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पीएम आवास बनाने नहीं रखी एक ईंट, डकार गए डेढ़ करोड़

**दुर्ग।** जानकारी अनुसार पहली किस्त जारी होने के बाद 454 ने मकान ही नहीं बनाया। इन्हें पहले किस्त के तौर पर एक करोड़ 8 हजार रुपए जारी किया गया था। इसमें 126 हितग्राहियों से पचास लाख वसूली किए जाने के बाद शेष 328 हितग्राही से एक करोड़ रुपए वसूली किया जाना है। अफसरों का कहना है कि इसके लिए नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का जिले में बुरा हाल है। नियमित मॉनिटरिंग नहीं होने और हितग्राहियों की इच्छाशक्ति के अभाव में स्वीकृति के बाद भी आवास नहीं बन पा रहा हैं। वर्ष 2016 से 2023 की आवासों की स्वीकृति और निर्माण के आंकड़ों में इसका खुलासा हुआ है। इसमें 454 हितग्राही ऐसे हैं, जिन्हें आवास बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई। उन्हें योजना के तहत पहली किस्त की राशि भी जारी कर दी गई, लेकिन उन्होंने मकान का काम ही शुरू नहीं किया। शेष 328 हितग्राहियों से वसूली की तैयारी की जा रही है, इन्होंने भी पहली किस्त जारी होने के बाद मकान बनाना शुरू नहीं कराया। जानकारी के अनुसार वर्ष 2016-23 तक जिले में 23642 आवेदन किए गए। इसमें करीब 23184 हितग्राहियों द्वारा कार्य शुरू किए जाने की जानकारी दी है। जबकि पहली किस्त एक करोड 48 हजार जारी होने के बाद भी 454 लोगों ने कार्य ही शुरू नहीं किया। पहली किस्त को ढकारने की जानकारी सामने आने के बाद अब वसूली में जिला पंचायत का पसीना छूट रहा है।

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद मवेशियों को खदेड़ने अभियान



**भिलाई।** एनएचएआई, स्टेट हाइवे और शहर की सभी प्रमुख सड़कों पर इन दिनों मवेशियों का जमघट लगा हुआ है। बारिश शुरू होने के साथ ही वे सड़क पर पहुंच रहे हैं। शासन स्तर पर लगातार इन मवेशियों को हटाए जाने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन समस्या जस के तस बनी हुई है। एक बार फिर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। यहां तक जो टोलफ्री नंबर पूर्व में जारी किए गए, वे बंद हो चुके हैं। पुलिस कंट्रोल रूम में 100, 112, निकायों के लिए निदान 1100 नंबर ही उपलब्ध है। इसके अलावा पूर्व में शुरू किए गए हेल्पलाइन नंबर 07882330788 कलेक्टर बदलने के बाद से बंद है। इसी प्रकार एक अन्य नंबर 1962 में सुबह 8 से शाम 4 बजे तक की सर्विस की बात कही जा रही है। सड़क पर मवेशियों की संख्या लगातार बढ़ते जा रही है।

### ऑनलाइन आवेदन 15 सितम्बर तक

**दुर्ग।** भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा पद्म पुरस्कार की श्रृंखला में पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्मश्री पुरस्कारों के लिए वर्ष 2025 के लिए नामांकन प्रस्ताव 15 सितम्बर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित की गई है। आवेदन ऑनलाईन के माध्यम से चाही गई हैं।

# झमाझम बारिश के बाद सुहाना हुआ मौसम, पर्यटन स्थलों पर उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

## क्षेत्र के सियदेवी मंदिर तथा झरना बना आकर्षण का केंद्र

बरसात के आगमन के साथ ही मौसम सुहाना होने लगा है। वहीं, जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की भीड़ उमड़ने लगी है। प्रसिद्ध मंदिर व पर्यटक स्थल माँ सियादेवी मंदिर में पर्यटकों की भीड़ मंदिर दर्शन तथा प्राकृतिक सौंदर्य को निहारने के लिए पहुंच रहे हैं। सियादेवी मंदिर एक दंडकारण्य वनांचल क्षेत्र है, जहाँ वनवास काल के दरमियान भगवान श्री राम, लक्ष्मण व माता जानकी का आगमन हुआ था, इसलिए यह मंदिर बहुत ही ज्यादा प्रसिद्ध है। मंदिर प्रांगण में सियादेवी माता के साथ ही लव कुश, शंकर पार्वती, राम लक्ष्मण, हनुमान और माता सीता के आलवा अनेक देवी देवताओं की मुर्तिया स्थापित है इसके अलावा स्टाप डेम, झरना और प्राकृतिक मनोरम दृश्य लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है, जिसके कारण हजारों की संख्या में पर्यटकों की भीड़ सियादेवी मंदिर में दर्शन और प्राकृतिक स्थलों का आनंद उठाने पहुँच रही है।



### झरना पर्यटकों बना आकर्षण का केंद्र

सियादेवी मंदिर का प्राकृतिक झरना लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है, जो फोटो ग्राफी, वीडियो ग्राफी के साथ ही मौज मस्ती के लिए प्रसिद्ध है। बीते रात झमाझम बारिश नहीं होने के बाद मनमोहन झरना प्रारम्भ हो गया है और झरने की झर झर कल कल की ध्वनि लोगों को आकर्षित कर रही है। साथ ही स्टाप डेम में लबालब पानी भराव होने के कारण ओवरफ्लो की स्थिति निर्मित हो गई है, जो प्रमुख आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्राकृतिक वादियों के बीच बसे हरे भरे घने जंगल लोगों का मन मोह रहे हैं। पर्यटक इस प्राकृतिक वातावरण और अद्भुत सौंदर्य के आकर्षण से खींचे चले जा रहे हैं। आसपास दुकान लगाने वाले भूपेश साहू, गोमती बाई साहू, बिमला बाई साहू ने बताया कि बीती रात झमाझम बारिश के बाद डेम व नदी नाले लबालब हो चुके हैं और झरने का झरना भी प्रारम्भ हो चुका है। इसके कारण अब पर्यटकों की भीड़ सियादेवी मंदिर में दर्शन व प्राकृतिक सौंदर्य को निहारने पहुंच रही है। वहीं, आगामी दिनों में दर्शनार्थियों की भीड़ बढ़ सकती है, जिससे दुकानदारी व व्यापार में बढ़ोतरी होगी।

**कार्रवाई :** मुख्यमंत्री साय ने कहा, योजनाओं के क्रियान्वयन में बर्दाश्त नहीं की जाएगी लापरवाही

# जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही कार्यपालन अभियंता पर गाज, नोटिस जारी

## हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद राज्य सरकार ने की बड़ी कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में शासन की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही और त्रुटिपूर्ण रिपोर्टिंग के मामले को गंभीर लापरवाही व अनुशासनहीनता मानते हुए राज्य शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जिले के कार्यपालन अभियंता सुक्रान्त साहू को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

हरिभूमि ने जिले में जल जीवन मिशन योजना के तहत विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार लापरवाही बरतने और कार्यों में गड़बड़ी को लेकर लगातार खबरें प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसका असर राज्य सरकार द्वारा जिले के पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता सुक्रान्त साहू को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

आपको बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जल जीवन मिशन योजना को सिर्फ योजना ही नहीं बल्कि सेवा का संकल्प माना है। इसमें कोताही लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने की बात कहते हुए श्री साय ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के बाद प्रदेश भर के 6 ईई को निलंबित और चार जिलों के अधिकारियों को नोटिस जारी किया है, जिसमें बालोद के कार्यपालन अभियंता सुक्रान्त साहू का नाम भी शामिल है।

### कई जगह खराब है योजना की स्थिति

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने जिले में जल जीवन मिशन की जमीनी हकीकत को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था, कि इस योजना के तहत कार्य पूर्ण होने के बाद भी लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। हर घर स्वच्छ जल पहुंचाने के मकसद से शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना की जिले में हालत खराब है। ग्रामीण बस्तियों, पंचायत भवनों, अस्पतालों और आंगनबाड़ी केंद्रों तक साफ पानी पहुंचाने और जल संरक्षण करने की योजना लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और ठेकेदारों की लापरवाही से तार–तार हो गई है। जगह–जगह टंकियां अधूरी हैं और जहां टंकियां बनी हैं, वहां पंप नहीं लगे हैं। अनेक बस्तियों में लगे नल पोस्ट तक पानी नहीं पहुंचा है। 2024 में यह योजना पूरी होनी थी, लेकिन हकीकत कुछ और ही है।

### चार जिलों के अधिकारियों पर गिरी गाज

मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश के बाद शुक्रवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने प्रदेश के चार जिलों के कार्यपालन अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जिसमें बालोद भी शामिल है। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है।

## भिलाई निगमः गिफ्ट कांड पर पार्षदों को क्लीनचिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भिलाई नगरनिगम के सामान्य सभा में गिफ्ट कांड के मामले में भाजपा पार्षदों को क्लीनचिट दे दी गई है। नगरनिगम आयुक्त द्वारा सामान्य सभा में कदाचरण किए जाने के मामले में संभागायुक्त से लिखित शिकायत की गई थी। उन्होने भाजपा के आधा दर्जन से अधिक पार्षदों को निष्कासित किए जाने की मांग भी की थी। इस मामले में संभागायुक्त सत्यानारायण राठोर ने शिकायत को खारिज कर दिए है। उल्लेखनीय है कि भिलाई नगरनिगम में विगत अप्रैल माह में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई थी। उस दौरान सामान्य सभा के बीच भाजपा पार्षदों ने मेयर नीरज पाल पर गिफ्ट बांटने का आरोप लगाया था। हालाकि उस दौरान भाजपा के चार पार्षदों पर कार्यवाही की गई थी। वही इस कांड को लेकर मामला गर्माए जाने के बाद भिलाई निगम आयुक्त ने तत्कालीन संभागायुक्त रहे महादेव कावरे से लिखित कार्यवाही की मांग की गई थी। पिछले लंबे समय से यह मामला कमिश्नर कोर्ट में रहा। वही अब जाकर कमिश्नर सत्यानारायण राठौर ने क्लीनचिट दे दी है। बताया जा रहा है कि, शिकायत में कोई ठोस कारण नही पाया गया। जिसके चलते शिकायत को ही खारिज कर दी गई है। वही इस फैसले को लेकर सत्ता बदलने के तौर पर भी देखा जा रहा है। हांलाकि संभागायुक्त के फैसले के बाद भाजपा पार्षदों ने राहत की सांस ली है। संभागायुक्त सत्यानारायण राठौर ने बताया कि, मामले में कुछ नही पाया गया, इसलिए केश खारिज कर दी गई है।

## बारिश से टापू बने कई गांव...



**दल्लीराजहरा।** नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार–शनिवार को भारी बारिश हुई। इस बीच दल्लीराजहरा–मानपुर मार्ग पर निर्माणाधीन हाईवे में बना पुल बह गया। इससे एक ओर जहां इस मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। वहीं, अंचल के 70 गांव टापू बन गए, उनका मुख्यालय से सड़क संपर्क टूट गया है। इसके साथ ही कई गांवों में पानी भर गया है। यह तसवीर क्षेत्र के गांव बिटाल की है।

# ग्राम बेलमाण्ड में लगाए गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम बेलमाण्ड में संकुल स्तरीय पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ अधिकारी-कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा बालोद पवन साहू थे, अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पवार ने की। विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू, जनपद सदस्य राकेश उइके, मंडल महामंत्री दानेश्वर मिश्रा, युवमोर्चा अध्यक्ष पार्थ साहू के साथ ग्राम पंचायत के सरपंच मधुलता यादव एवं उप सरपंच संतोष साहू थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने पवन साहू ने कहा कि यह मां के नाम पर एक पेड़ अभियान को मां से जोड़ा गया है। साथ ही लक्ष्य रखा गया है कि हर व्यक्ति अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाए। भावनात्मक जुड़ाव के बाद हर व्यक्ति अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाएगा। इसी अभियान के तहत हर जिले में पेड़ लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रारंभ एक पेड़ माँ के नाम अभियान केवल अभियान न रहकर अब पूरे देश में जनआंदोलन बन गया है। यह अभियान हमारी माँ और धरती माँ के प्रति हमारी श्रद्धा के भाव का प्रकटीकरण है। आज पूरे देश में हर व्यक्ति अपनी माँ और धरती माँ दोनों के नाम से पौधा लगाकर उन्हें प्रणाम कर रहा है।

**पर्यावरण संरक्षण को लेकर चिंता-** पर्यावरण संरक्षण आज पूरी दुनिया के लिए चिंता बना हुआ है। कार्बन डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड ने ओजोन के स्तर को कम करने का काम किया है, जिससे पृथ्वी पर गर्मी बढ़ने लगी है और जलवायु परिवर्तन को अनुभव किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाए गया एक पेड़ माँ के नाम अभियान जलवायु परिवर्तन के प्रति सटीक जवाब है।

## कमरौद विद्यालय के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ, छात्राओं को बांटी साइकिल



**लाटाबोड़।** शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमरौद में नवनिर्वाचित शाला नायक, कक्षा नायक सांस्कृतिक सचिव, खेल सचिव एवं अन्य पदाधिकारी को शाला के अनुशासन एवं विकास में कार्य करने के लिए शपथ दिलाई गई। सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी के 30 छात्राओं को सायकल का वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच चमेली पटेल ग्राम कमरौद के ग्रामीण अध्यक्ष खिलानंद पटेल शाला के प्राचार्य सुषमा पटेल एवं समस्त शिक्षक के साथ पालक गण उपस्थित रहे।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है




# सरस्वती शिशु मंदिर पसौद में शिशु भारती का गठन



**लाटाबोड़।** शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर पसौद में शिशु भारती का गठन किया गया। इसके तहत कक्षा प्रथम से पंचम तक के समस्त बच्चो के सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। सेनापति पल्लवी पटेल और उप सेनापति गौरव कुमार यादव को चुना गया। शिशु भारती के तहत बागवानी प्रमुख मेहुल कुमार सहायक दुर्वांश साहू, पूजा साहू,अनुशासन प्रमुख इशिका सहायक रौनक कुमार, दिशा, क्रीड़ा प्रमुख पुष्पेंदु दास मानिकपुरी सहायक कृष राय, संस्कृति प्रमुख कृष राय सहायक पल्लवी पटेल, दीक्षा, खोया-पाया प्रमुख पूर्वी सहायक चंचल पटेल , भावना ,शिशु वाटिका प्रमुख अदिति साहू सहायक खुशी, योगिता,पेयजल प्रमुख माधवी जिज्ञासा यादव ,योग प्रमुख रूचिता मानिकपुरी सहायक सानिध्य यादव, तनमय कुमार,स्वच्छता प्रमुख छमा साहू सहायक चांदनी यादव को चुना गया। सभी बच्चों को अंत में पद और जिम्मेदारी की शपथ दिलाई गई। सभी बच्चों ने अपने कर्तव्यों का पालन सच्ची श्रद्धा और निष्ठा पूर्वक करने और विद्यालय के सभी नियमों और अनुशासन को बनाए रखते हुए विद्यालय का एवं माता पिता का नाम रोशन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पूर्णानंद साहू शिक्षिका लिलिमा सिन्हा, योगिता साहू, भुनेश्वरी यादव, रूखमणी सार्वा सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

